तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 25 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



जेठा में खुला एनआरएलएम अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर, संगवारी अधिकारी केंद्र

4




## खबर संक्षेप

### बदली खुलने के साथ ही ठंड में हुई बढ़ोतरी, ठिठुरने लगे लोग

**जांजगीर–चांपा।** बदली खुलने के साथ मौसम साफ हो गया। वहीं ठंड लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सुबह से रात तक गर्म कपडों में नजर आ रहे है। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है। वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जिसके चलते गर्म कपड़ों की मांग लगातार बढ़ रही है। सोमवार 8 दिसंबर को जहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसी प्रकार रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके अलावा एक सप्ताह से ठंड में बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो दिन एवं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बाद तापमान कम हो रहा है।

### अटल परिसर निर्माण कार्यों का लोकार्पण आज

**जांजगीर–चांपा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर गुरूवार 25 दिसम्बर को सुबह 10 बजे फुण्डहर चौक रायपुर से मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियो के द्वारा नगर पंचायत सारागांव के अटल परिसर के निर्माण कार्यो का वर्चुअल माध्यम से लोकापर्ण किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत सारागांव के अध्यक्ष सीएमओ एवं पार्षदो के साथ साथ जनप्रतिनिधीगण बडी संख्या में मौजुद रहेंगें। नगर पंचायत के सीएमओ ने नगर वासियो को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की

### प्रत्येक माह के 7 तारीख को मनाया जाएगा आवास दिवस

**जांजगीर–चांपा।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश में निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायत स्तर पर आवास दिवस आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन चावल महोत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ अनिवार्य रूप से किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण, हितग्राहियों को प्रोत्साहन एवं योजना के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। 90 दिवस के भीतर अथवा शीघ्रता से आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। निर्धारित प्रगति के बाद भी लंबित किश्तों के प्रकरणों में पूर्ण कराकर 7 दिवस के भीतर राशि हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी राशि के भुगतान की स्थिति पर चर्चा की जाएगी।

### प्रत्येक ग्राम में होगा विशेष ग्राम सभा का आयोजन आज

**जांजगीर–चांपा।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की नवीन योजना विकसित भारत देश रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) दृव्ही बी जी राम के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों में 26 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा आयोजित की जाएगी। विशेष ग्राम सभा के आयोजन के लिए ग्रामों में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा ग्राम सभा की तिथि एवं समय का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाएगा।

# प्लेसमेंट कैंप : 220 पदों में वैकेंसी, ले देकर पहुंचे 27 अभ्यर्थी, 20 को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या जहां 90 हजार से अधिक जा पहुंची है। वहीं जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से आयोजित प्लेसमेंट कैंप में प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की चाह रखने वालों की संख्या गिनती की ही नजर आती है। बात जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित प्लेसमेंट कैंप की है, यहां निजी क्षेत्रों में 220 पदों पर भर्ती के लिए चेन्नई और महाराष्ट्र की कंपनी पहुंची थी, लेकिन जिले से मात्र 27 आवेदक पहुंचे। इनमें से 20 का ही चयन हुआ है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के शिक्षित युवा बेरोजगारो को निजी क्षेत्रो में नौकरी देने के उदेश्य को ध्यान में रखकर हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी कडी में बुधवार 24 दिसम्बर को जिला मुख्यालय जांजगीर के जिला रोजगार कार्यालय में पेरेनियल टेक्नोलांजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र सहीत विभिन्न कंपनियो के 220 पदो के लिए प्लेंसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। वही यहां कैंप में नौकरी पाने को लेकर महज 27 बेरोजगार युवा ही पहुंच सके। इनमें भी 20 युवाओ को ही शार्ट लिस्ट में शामिल किया गया है। इधर जांजगीर चाम्पा जिले में शिक्षित युवा बेरोजगारो की संख्या 90 हजार को पार कर गई है। इसके बाद भी बेरोजगार युवा निजी क्षेत्रो में नौकरी पाने को लेकर ध्यान तक नही दे रहे है। बुधवार 24 दिसम्बर को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में 220 पद जिनमें डीजी आपरेटर के 30 पद, आपरेटर के 100 पद, ट्रेनी के 50 पद, अप्रेटिंस के 40 पदो समेत कुल 220 पदो के लिए बेरोजगार युवाओ से आवेदन जमा करना था। साथ ही साथ उनके योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उन्हें नौकरी दिया जाना था। जिसमें महज 27 बेरोजगार युवा ही नौकरी पाने पहुंच सके। वही इनमें 20 का ही चयन हो सका है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन जिले में एक ओर जहां बेरोजगारों की बढ़ती संख्या जहां 1 लाख के आंकडे के करीब पहुंचने वाली है। वहीं जिले में निजी कंपनी में भर्ती को लेकर आयोजित प्लेसमेंट कैंप में नौकरी पाने वालों की संख्या गिनती की ही नजर आती है। स्थिति यह है कि चेन्नई, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रांतों में छोटी मोटी नौकरी पाने युवा किसी प्रकार रूचि नहीं ले रहे है। यही वजह है कि 220 पदों में भर्ती के लिए आयोजित प्लेसमेंट कैंप में ले देकर 27 युवा ही पहुंचे।

## निजी कंपनी में छोटी नौकरी पाने नहीं दिख रही रूचि



### स्थानीय स्तर पर काम

स्थानीय बेरोजगार युवा अन्य राज्यो मे जाकर नौकरी नही करना चाहते जिसके कारण प्लेसमेंट कैंप मे अपेक्षाकृत युवाओ की भीड नजर नही आती। ज्यादा से ज्यादा युवा नौकरी से जुडे इसके लिए प्रोत्साहित भी करते है।

- एम आर जायसवाल
जिला रोजगार अधिकारी
जांजगीर-चाम्पा

## कंटेनर व बोलेरो सहित 1 करोड़ से अधिक का माल जब्त

# केबल चोर गिरोह का पर्दाफाश 11 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सायबर सेल एवं अकलतरा पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतरजिला केबल तार चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 12 टन चोरी का केबल व बिजली तार, चोरी में प्रयुक्त गैस कटर, वायर कटर, ट्रक कंटेनर, एक बोलेरो नियो वाहन एवं दो मोटरसाइकिल जप्त की है। जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 11 लाख रुपये आंकी गई है, जिसमें केवल तार की कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते कुछ समय से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में केबल एवं बिजली तार काटकर चोरी किए जाने की घटनाएं सामने आ रही थीं। इस संबंध में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध होने पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं अकलतरा थाना पुलिस द्वारा मुखबिर तैनात किए गए।इसी क्रम में 23 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक कंटेनर में भारी मात्रा में चोरी का बिजली तार लोड कर उसे दूसरे राज्य खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सायबर सेल प्रभारी एवं थाना अकलतरा प्रभारी की संयुक्त टीम ने जांजगीर जेल के पीछे शासकीय स्कूल के पास मुख्य मार्ग पर संदिग्ध कंटेनर को रोककर जांच की। वाहन चालक फिरोज खान पिता शब्बीर खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी महरौली थाना गोरमी जिला भिंड (मध्यप्रदेश) से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त केबल तार नैला निवासी आसिफ रजा के गोदाम से लोड कर दिल्ली में इमरान कबाड़ी के पास ले जाया जा रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने चालक की निशानदेही पर नैला स्थित आसिफ रजा के गोदाम में रेड कार्रवाई की, जहां से चोरी के केबल व बिजली तार बरामद किए गए। मौके पर आसिफ रजा एवं उसके अन्य सहयोगियों को हिरासत में लेकर जप्ती की गई और सभी आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ रजा पिता नासिर खान, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती नैला लव डोंगरे पिता व्यासनारायण डोंगरे, उम्र 22 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर, फिरोज खान पिता शब्बीर खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी महरौली थाना गोरमी जिला भिंड (म.प्र.); मुकेश कुमार यादव पिता संजू यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर; राहुल सोनी पिता रोहित सोनी, उम्र 27 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर; राहुल कारके पिता भूषण प्रसाद कारके, उम्र 19 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर, अभिषेक यादव पिता राजकुमार यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी जांजगीर, सुमित कारके पिता रमेश कारके, उम्र 18 वर्ष, निवासी जांजगीर, राकेश सूर्यवंशी पिता पंचराम सूर्यवंशी, उम्र 19 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर, विश्वनाथ सोनी पिता मोहित कुमार सोनी, उम्र 19 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर तथा रवि कुमार कश्यप पिता राजू कश्यप, उम्र 20 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी किए गए तार एवं केबल को राज्य से बाहर खपाने की फिराक में थे। थाना अकलतरा में धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है। कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक एवं अकलतरा थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित पूरी टीम की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए ईनाम देने की घोषणा की है। कार्रवाई में सायबर सेल एवं थाना अकलतरा के अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका



जब्त केबल के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कांकेर में हुई घटना के विरोध में नगर बंद का मिला-जुला असर

## सभा आयोजित कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कांकेर के आमाबेड़ा में हुए हिंसा के विरोध में नगरवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मिला जुला असर देखने को मिला। मामले को लेकर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सर्व समाज छत्तीसगढ़ के आह्वान पर बुधवार 24 दिसंबर को जांजगीर नगर बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। विशाल पदयात्रा और गगनभेदी नारे प्रातः 9 बजे नैला के परशुराम चौक से विशाल पैदल रैली का शुभारंभ हुआ। रैली में सर्व समाज के भारी संख्या में लोग हाथों में अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा की तख्तियां लिए शामिल हुए। अपनी संस्कृति-अपनी पहचान₹ के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। यह पदयात्रा नैला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कचहरी चौक पहुंची। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स (इकाई जांजगीर) के आह्वान पर शहर की छोटी-बड़ी सभी दुकानें और व्यापारिक संस्थान पूरी तरह बंद रहे। इसके साथ ही कई प्रतिष्ठानें खुली रही। जिनमें दवाई दुकान, स्वास्थ्य एवं अन्य सभी आवश्यक आपातकालीन सेवाएं, सरकारी कार्यालय को बंद से राहत दी गई थी, उन्होंने भी अपना आधा शटर गिराकर और आंशिक रूप से कार्य कर इस विरोध प्रदर्शन को अपना नैतिक समर्थन दिया। रैली के समापन पर कचहरी चौक में एक सभा आयोजित की गई, जिसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि जनजातीय परंपराओं पर हो रहे प्रहार और अवैध मतांतरण की साजिशों पर तुरंत रोक लगाई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। सर्व समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन पूर्णतः लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहा। इस सफल आयोजन के लिए सर्व समाज छत्तीसगढ़ ने नगर के व्यापारियों, युवाओं, मातृशक्ति और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में दो पक्षों के बीच हिंसा की घटना हुई थी। कांकेर के आमाबेड़ा में इस तरह की घटना सामने आई थी। जिसके विरोध में जांजगीर शहर के लोगों के द्वारा इसका विरोध किया गया। वहीं ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई।





दुकान बंद कराने निकले सर्व समाज के लोग तथा बंद का दिखा मिला जुला असर

## जीडी आरक्षक पद पर चयनित 10 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में जीडी व ट्रेड के पद पर चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एसपी ने प्रदान किया।

ज्ञात हो कि बुधवार 24 दिसंबर को पुलिस कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा आरक्षक जीड व ट्रेड के पद पर चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश प्रदान किया। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को पूरी ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा आम जनता की सेवा और कानून- व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यालय विजय पैकरा भी उपस्थित रहे। नियुक्ति आदेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखने को मिला। नियुक्ति अभ्यर्थियों में रेखा, डिगेश्वर प्रसाद साहू, सतरूपा यादव, वर्षा सिंह, करण सांडे, रोशन कुमार, चितरंजन बघेल, गुलशन कुमार सभी आरक्षक जीडी, सोमनाथ, मुकेश कुमार साहू आरक्षक चालक शामिल है। जिन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।



## सक्ती जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 32 हजार से अधिक मीट्रिक टन धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों को मिलाकर अब तक 1 लाख 32 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। वहीं बुधवार को 2625 किसानों के आवक टोकन काटे गए है।

जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में अब तक 125 केंद्रों में कुल 132090.16 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जिला सक्ती में 24 दिसम्बर को धान खरीदी हेतु जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों में 2625 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 12637.10 मेट्रिक टन धान खरीदी होना है। बुधवार की शाम 5 बजे तक जिला के उपार्जन केन्द्रों में कुल 9162.24 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। खरीदी 31 जनवरी तक किया जायेगा।



उपार्जन केन्द्र में रखा धान।

## आज मनेगा प्रभू यीशु का जन्म दिन, गिरिजाघरों में होगी आराधना

# आधी रात को जन्मा शांति का मसीहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शांति के मसीहा प्रभु यीशु का जन्म 24 दिसंबर की आधी रात को हुआ। वहीं 25 दिसंबर को क्रिसमस की खुशियां मनाई जाएगी। इसको लेकर गिरजाघरों में विशेष तैयारी की गई है और मसीही समुदाय क्रिसमस मनाने जुटा हुआ है। बाजारों में क्रिसमस को लेकर गिफ्ट आयटम और साज सज्जा के सामानों की खूब बिक्री हुई है। जयंती के उपलक्ष्य में आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

गुरूवार 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जयंती बड़े दिन के अवसर पर नगर के मेनोनाइट तथा रोमन कैथोलिक चर्च में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर जन्मोत्सव मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेनोनाइट चर्च में ड्रामा व झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही युवाओं द्वारा कैरोल सांग का आयोजन किया गया है। कैरोल सांग के माध्यम से मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु के जन्म का वर्णन करते है। मेनोनाइट चर्च में ही गड़रियों द्वारा प्रभु यीशु के जन्म का शुभ संदेश लोगो को दिया गया। बुधवार 24 दिसंबर की आधी रात प्रभू यीशू का जन्म हुआ। अब 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जन्मोत्सव पर आराधना की जाएगी तथा जयंती के अवसर पर पास्टर द्वारा बाइबल आधारित प्रवचन दिया जाएगा। ततश्चात प्रभु यीशु के जन्म को लेकर सभी सदस्य एक-दूसरे को बधाई देंगे। इसी तरह 26 दिसंबर को धन्यवादी पर्व मनाया जाएगा जो वर्ष में एक बार आता है। धन्यवादी पर्व में बातिस्मा आशीष होगा। इसके पूर्व मसीही समाज के लोगों द्वारा क्रिसमस रैली मेनोनाइट चर्च से निकाली गई।



क्रिसमस पर सजा चर्च और प्रभू यीशू के जन्मोत्सव की झांकी।

## सार्वजनिक क्षेत्र में चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कोटमीसोनार क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र में चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को भयाक्रांत करने वाले आरोपी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि ग्राम कोटमीसोनार रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में लोहे का चाकू लेकर आने जाने वाले लोंगों को लहराकर डरा धमका रहा था। सूचना मिलने पर अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं कोटनी सुंदर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह छतरी के द्वारा रेड करवाई की गई इस दौरान पुलिस द्वारा घेराबंदी कर प्रियांशु यादव को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी कोटमीसोनार राजेंद्र सिंह क्षत्रिय एवं स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप




### बालको में मनाई गई संत गाडगे की 69वीं पुण्यतिथि

**कोरबा।** स्वच्छता और निःस्वार्थ सेवा के महान प्रतीक संत गाडगे महाराज जी की 69वीं पुण्यतिथि मनाया गया। संत गाडगे महाराज ने अपने तप, त्याग और कर्मयोग के माध्यम से समाज को समानता, स्वच्छता, शिक्षा और मानव सेवा का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने जीवन भर वंचितों, पीड़ितों और शोषितों की सेवा को ही अपना धर्म निभाया बरेठ धोबी समाज के संस्थापक रामकुमार पाटस्कर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज भूखे को अन्न दो प्यासे को पानी पिलाओ निर्वस्त्र को कपड़े दो गरीब बच्चों को शिक्षा दो बेघर को आश्रय दो, बालको इकाई के अध्यक्ष, गिरधारी बरेठ वरिष्ठ टीआर बरेठ जीपी बरेठ ने संत गाडगे महाराज के 68 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रेरणा महिला मंडल ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित




**कोरबा।** आवासीय परिसर के वीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा सफाईकर्मियों को केसरोल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका कंसल एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अनु सरना द्वारा सफाईकर्मियों को केसरोल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाईकर्मियों के प्रति सम्मान, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल की सचिव श्रीमती पूनम भगत, संयुक्त सचिव श्रीमती भारती खरे, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू, खेल सचिव श्रीमती सीमा राजपूत एवं श्रीमती अनामिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कादंबरी राणा, श्रीमती गीता पैकरा सहित प्रेरणा महिला मंडल की सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

### गोल्डन विंग्स बुक अवार्ड के लिए रंजना चयनित

**कुसमुण्डा।** स्थानीय बीकन स्कूल अंग्रेजी



माध्यम की शिक्षिका श्रीमती रंजना सोनी का चयन गोल्डन विंग्स बुक अवार्ड ऑफ द ईयर 2026 के लिए चयनित हुआ है। उनका चयन अखिल भारतीय स्तर पर हुई है। जिन्हे आगामी 17 जनवरी को पुणे महाराष्ट्र में जाने माने सिनेमा लेजेण्ड एवं लेखक गुलशन ग्रोवर जी के हाथो यह सम्मान उनकी कृति स्पीक इंग्लिश टुडे स्टेप बाय स्टेप गाइड फॉर्म बेसिक टू फ्लूएंट के लिए सम्मानित किया जायगा। श्रीमती रंजना सोनी एक अंग्रेजी की अध्याापिका के साथ-साथ प्रशिक्षिका, लेखिका, ऑन लाइन एजुकेटर एवं यू-ट्यूब एनफ्लूएन्शर है। उनके इस सम्मान के लिए उनके परिजन एवं विद्यालय स्टॉफ काफी उत्साहित है। विद्यालय के प्राचार्य श्री कुरियन ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।

### रास्ता रोक कर लूटपाट मामला दर्ज

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आरएसएस निवासी दीपक ठाकुर पिता लक्ष्मण सिंह ठाकुर निवासी तखतपुर 20 दिसंबर को वह सोमू सेन गुप्ता एमपीबी चौक से आरएसएस नगर की ओर आ रहा था तभी उसकी गाड़ी थार का दरवाजा खुला था और सोमू सेन गुप्ता बगल में बैठा हुआ था। वह नीचे गिर गया और उसकी गाड़ी को साइड लगाकर उतरने गया, तभी पीछे से एक स्कॉर्पियो जिसका नंबर सीजी 12 बीक्यू 1355 आई, जिसमें से चार पांच लोगों उतरे और दीपक ठाकुर को मारने लगे, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। दीपक को मारने के बाद तीन-चार लोग उसका हाथ पकड़ कर गले से सोने की चैन, 75 हजार रूपये लूट लिया है। मामले की रिपोर्ट पर सोमू सेन गुप्ता और सोमू अग्रवाल के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ई कार्ट रिक्शा की खराबी से स्वच्छता दीदियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ऊर्जाधानी में बीते दिनों डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिला समूह को कचरा कलेक्ट करने के लिए ई कार्ट सौंपी गई थी। पहले यह काम पैडल वाले रिक्शा से किया जाता था। स्वच्छता दीदियों की सहूलियत के लिए कुछ दिन पहले स्वच्छता दीदियों को ई कार्ट प्रदान किया गया। अब कुछ ही दिनों के भीतर इसमें खराबी आ गई, दूसरे ही दिन इसे फील्ड से खींचकर वापस कचरा संग्रहण केंद्र तक लाना पड़ा। पंचर होने और अन्य खराबी के कारण महिला समूह ने इसे मेंटेनेंस के लिए वापस लौटा दिया है। नगर निगम के केंद्रीय भंडार गृह में खरीदी के बाद काफी दिन तक इन्हें बिना उपयोग को खुले में ही खड़ा करके रखा गया है। काफी दिनों तक खड़े रहने के कारण नए ई कार्ट में खराबी आ रही है। जिससे महिलाओं को सहूलियत के स्थान पर मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

खनिज न्यास मद (डीएमएफ) से नगर निगम को 2 करोड़ 80 लाख रुपए प्रदान किए गए थे। जिससे कचरा संग्रहण के काम में लगी महिलाओं को मैन्युअल पैडल वाले रिक्शा के स्थान पर बैटरी से चलने वाले ई रिक्शा प्रदान की जा सके। कचरा संग्रहण के कार्य में आसानी के लिए यह खरीदी की गई थी। कचरा संग्रहण का काम ठीक से हो सके, इसके लिए 80 ई रिक्शा की खरीदी भी हुई लेकिन मिलने के कुछ समय बाद ही इनमें खराबी आने लगी है। 80 में से कुछ संख्या में ई रिक्शा को प्रदान कर दिया गया है जबकि काफी सारे ई-रिक्शा अब भी केंद्रीय भंडार गृह में में खड़े हैं।

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में हो रही दिक्कत




#### की जाएगी समीक्षा

इस बारे में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा कि ई रिक्शा में खराबी आने की समीक्षा की जाएगी, एक भी ई-रिक्शा भंडार गृह में खड़े नहीं रहेंगे। इसे फील्ड पर उतारा जाएगा। इंश्योरेंस और अन्य कुछ औपचारिकता शेष रहने की वजह से ये भंडार गृह में हैं। ई-रिक्शा की समीक्षा की जाएगी और इन्हें स्वच्छता दीदियों को प्रदान किया जाएगा। हम उन्हें सुदृढ़ कर रहे हैं उन्हें सुविधा प्रदान कर रहे हैं ताकि वह इस काम को और बेहतर तरीके से कर सकें।

### तीन लोगों को उतार चुका है मौत के घाट, धरमजयगढ़ की ओर कर सकता है रूख

# करतला रेंज के पीड़िया में दंतैल हाथी का डेरा, वन विभाग अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

वनमंडल करतला रेंज में पहुंचे दंतैल हाथी की वन विभाग द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। दंतैल हाथी सोमवार की रात बड़मार क्षेत्र से आगे बढ़कर पीड़िया पहुंच गया। चूंकि क्षेत्र में रामपुर में मेला हो रहा था, तो लोगों की जान को दंतैल से खतरा हो सकता था, जिसे देखते हुए वन विभाग ने विशेष सावधानी बरती और दंतैल की कड़ी निगरानी करने के साथ रात भर उसकी गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को देने का सिलसिला जारी रहा। वर्तमान में दंतैल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है।

वन विभाग लोगों को मुनादी कराकर सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया है। वन विभाग के अधिकरियों ने कहा कि वे दंतैल की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाएं। उधर वनमंडल कटघोरा के चंदनपुर खुटरीगढ़ इलाके में देर रात हाथी आने की खबर मिली थी। खबर मिलते ही वन विभाग के आलाधिकारियों को सूचना दी गई, विभाग के कर्मचारियों ने मौके का मुआयना कर हाथी नहीं होने की पुष्टि की है। देर रात ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई कि चंदनपुर के पास खुटरीगढ़ के पीछे जंगल में दो हाथी विचरण कर रहे हैं, हाथी आने की खबर तत्काल वन विभाग के डीएफओ कुमार निशांत को दी गई। जहां डीएफओ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल टीम रवाना की। जहां वन विभाग की टीम ने मौके का जायजा लिया। इस दौरान विभागीय टीम ने पुष्टि की है कि इलाके में हाथियों की मौजूदगी नहीं है। विभागीय टीम के कर्मचारियों ने बताया कि हाथियों की मौजूदगी फिलहाल जडगा रेंज में है, जहां 41 हाथी मौजूद हैं। जिन पर विभाग नजर बनाए हुए हैं। टीम ने बताया कि चंदनपुर खुटरीगढ़ में हाथियों के आने की खबर झूठी है फिलहाल वन विभाग की टीम द्वारा मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की अपील की है। साथ ही विभागीय प्राईवेट तौर पर उपलब्ध थर्मल ड्रोन का सतत उपयोग कर लगातार हाथियों के लोकेशन का ट्रेक किया जा रहा है। हाथी मित्र दल, कोरबा वनमण्डल के नोवा नेचर क्लब के सक्रिय सहयोग लेकर एवं कोरबा परिक्षेत्र, कुदमुरा परिक्षेत्र, पसरखेत परिक्षेत्र के कर्मचारियों/अधिकारियों का भी सहयोग लेकर लगातार हाथियों का निगरानी किया जा रहा है एवं परिक्षेत्र अंतर्गत कर्मचारियों/अधिकारियों का हाथी निगरानी के लिये रोस्टर अनुसार रात्रि गश्त हेतु प्रतिदिन ड्यूटी लगाई गई है, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निरंतर ग्रामीणों से सम्पर्क कर जगह-जगह अलाव जलाकर रखने, हाथी प्रभावित मार्गों में अस्थायी बेरीकेट लगाकर ग्रामीणों को जंगली हाथियों से दूरी बनाकर रहने, सावधानी पूर्वक आवागमन करने,धान खरीदी केन्द्रों के सदस्यों को हाथी संबधी जानकारी एवं हाथियों से किसी प्रकार से छेड़खानी न करने संबंधी समझाईस दिया गया है।

#### सजग सायरन का भी हो रहा उपयोग

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार व एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा वनमण्डल के करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत चिकनीपाली परिसर में 8 हाथी, बेहरचुंवा परिसर में 4 हाथी एवं 1 नर हाथी बड़मार परिसर में विचरण कर रहा है। हाथी विचरण क्षेत्रों में रेंज लेवल अलर्ट एवं बीट लेवल अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का टीम बनाकर हाथी विचरण क्षेत्रों के किनारे ग्रामों में जिला प्रशासन के कोटवार, हाथी मित्र दल के द्वारा, पसरखेत परिक्षेत्र के शासकीय वाहन, कोरबा परिक्षेत्र के शासकीय वाहन एवं अन्य प्राईवेट वाहन की ब्यवस्था कर लगातार मुनादी कराया जा रहा है, सजग सायरन का उपयोग, हमर हाथी हमर गोठ के तहत सूचना प्रसारित एवं दैनिक समाचार पत्रों में हाथी संबधी सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग पर निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा कोरबा बालको रोड व रिसदी रोड स्थित दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्रवाई की जाती है।

#### न करें प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग कदापि न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग डिस्पोजल व अन्य सामग्रियां जहां एक ओर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, वहीं दूसरी ओर साफ-सफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है, इसके साथ ही प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल जैसी सामग्रियां मवेशियों के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है इसलिए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें।

# कोई भी पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी से न हो वंचित : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक में निर्देश देते कलेक्टर श्री दुदावत।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएमओ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, जनशिकायत तथा टीएल में चिन्हांकित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों में समय पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर रिपोर्ट अपलेड करने और संबंधितों को भी सूचित करने के निर्देश दिए।

**खास बात**

- पीवीटीजी बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में शीघ्र बिजली पहुंचाने के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने बंद हो चुके विभिन्न योजनाओं के बैंक खातों को बंद करने के निर्देश देते हुए जमा राशि को शासन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से न छूटे, इसके लिए संबंधित क्षेत्र में सर्वे कराकर जानकारी तैयार कर ली जाए और इसका डीपीआर बनाकर विभाग को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने पीएम आवास और पीएम जनमन आवास की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाए। उन्होंने लंबित कार्यों में प्रगति लाने और प्रति सप्ताह ढाई सौ आवास का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य निधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के नाम पर किसी के द्वारा हितग्राहियों से राशि मांगे जाने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और पीवीटीजी परिवारों के घरों में सोलर पैनल स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पीवीटीजी परिवारों के घर में दिए गए लक्ष्य के अनुसार सोलर सिस्टम शीघ्र स्थापित करें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर इंस्टालेशन के लिए शेष घरों में सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि अलग-अलग डिवीजन के आधार पर अधिक बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली जाए और विद्युत विभाग के सब इंजीनियर के माध्यम से उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर के फायदे तथा शासन द्वारा दी जा रही छूट से अवगत कराते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं के घर पीएम सूर्यघर स्थापना की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने लीड बैंक अधिकारी को पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों के बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में बिजली पहुचाने तथा घरों में मीटर स्थापित करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बाल सम्प्रेषण गृह, स्कूल विद्यार्थियों के अपार आईडी, कमजोर विद्यार्थियों का रेमेडियल क्लास, रेडी टू ईट निर्माण हेतु मशीन की स्थापना, नये सत्र से आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की जा रही कार्यवाही, नये छात्रावास, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत हाईटेक नर्सरी निर्माण सहित जिले में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जश्न रिसोर्ट में 27 एवं 28 दिसंबर को आयोजित होगा कार्यक्रम

# मंगलपाठ और भजनोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पत्रकारवार्ता के दौरान नमो नारायणी समिति के पदाधिकारी।

नमो नारायणी समिति कोरबा के तत्वावधान में 27 एवं 28 दिसंबर को 39वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव का आयोजन जश्न रिसोर्ट राताखार में आयोजित किया जा रहा है, जिससे भारत के विभिन्न राज्यों से आएं दादी भक्तों का भी सानिध्य प्राप्त होगा। तिलक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आशीष मोदी, प्रकाश अग्रवाल, अरुण बजाज, प्रकाश अग्रवाल (नीटू), कृष्ण गोपाल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में उक्त कार्यक्रम के तहत 27 दिसंबर की सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा से शोभा यात्रा एवं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें 651 मनोकामना निशान एवं 151 कलश के साथ उक्त शोभा यात्रा पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, सुनालिया ज्वेलर्स होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुंचेगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे से तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता, अपर्णा अग्रवाल के सुमधुर स्वरों के साथ दादी के गुणगानों की भजनसंध्या का आयोजन किया गया है। 28 दिसंबर रविवार को 3100 दादी भक्त महिलाओं, पुरषों बच्चों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक एवं मंगल पाठ वाचक केशव-सौरभ मधुकर के साथ संगीत मय मंगलपाठ का वाचन किया जावेगा मंगल पाठ के दौरान भक्तों द्वारा सवमणी एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा। मंगल पाठ के साथ साथ विभिन्न आकर्षक झांकी, चुनरी समर्पण तथा 12 महिनों के त्योहार का प्रतिकात्मक रूप से प्रस्तुति दी जावेगी।मंगलपाठ के लिए 501 रूपये, दादी का खजाना 101 रूपये, सवामणी 5100 रूपये एवं छप्पन भोग हेतु 7100 रूपये रूप का प्रतिकात्मक सहयोग राशि रखी गई है। उक्त 39वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव कार्यक्रम में कलकत्ता, दिल्ली, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़ रायपुर, अम्बिकापुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, भाटापारा, खरसिया, नैला अकलतरा मनेन्द्रगढ़ जगहों से दादी भक्तों की उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है।





# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'



### *प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता*

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### *डॉन 3 हुई पोस्टपोन*

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

***नई दिल्ली।** जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सब्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

**खबर संक्षेप**

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने लिया लाभ, विशेषज्ञों ने दी अपनी सेवाएं



**जांजगीर-चांपा।** एन.के. एच.चंपा और आयुष मेडिकल एसोसिएशन जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान से सरयू धाम सेवा सदन बजरंग चौक पंतोरा में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को रखा गया था। जिसमें आस पास के ग्रामीणों ने बढ़चढकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.पी.सिंह सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ.तुषार अरुणकुमार (जर्नल सर्जन एवं गुदा रोग विशेषज्ञ),स्त्री रोग सलाहकार डॉ.पूनम यादव एवं डॉ.सुरेंद्र मिश्रा अध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन जांजगीर चांपा ने अपनी सेवाएं दी।शिविर में लगभग 90 मरीजों का पंजीयन कर इलाज एवं परामर्श दिया गया। यहां गुदा रोग, रक्ताल्पता (एनीमिया),किडनी रोग के मरीज,उच्च रक्त चाप(हाई ब्लड प्रेशर),शुगर,अस्थि रोग , त्वचा एलर्जी,कुछ गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार दिया गया। डॉ.सिंह और डॉ.तुषार के अनुसार अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी बीमारियों को लेकर गम्भीर नहीं दिख रहे ,लोगों को जागरूक करना होगा बताना होगा कि थोड़े से इलाज से आप सही हो सकते है। डॉ.मिश्रा ने आगे इस तरह के और भी शिविर लगाने की बात पर चर्चा की। शिविर को सफल बनाने में एन. के. एच.चांप, पुरोहित,मनीष, संजय, गणेश यादव, पुष्पेंद्र यादव, राकेश मिश्रा, रघुनाथ कर्ष एवं नरेश अग्रवाल का योगदान रहा।

## सतनामी युवा संगठन उरैहा के तत्वाधान में महोत्सव व पंथी नृत्य 26 व 27 को

**पामगढ़।** सतनामी युवा संगठन उरैहा के तत्वाधान में गुरु पर्व पर सतनाम महोत्सव एवं दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श ग्राम उरैहा चंडीपारा में 26 एवं 27 दिसंबर को किया गया है। मुख्य अतिथि श्रीमती इंदू बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़, विशिष्ट अतिथि श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे जिला पंचायत सदस्य, मुकेश रात्रे अध्यक्ष सतनामी सूर्यवंशी समाज, अध्यक्षता तोषित रात्रे सरपंच ग्राम पंचायत चंडीपारा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश यादव, भरत कश्यप श्रीमती किरण अशोक खांडे, राजेश भारद्वाज, अनिल बघेल, सुमन कुमार मनहर एवं पंकज बंजारे उपस्थित रहेंगे। 27 दिसंबर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता मुकेश रात्रे, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष लहरे, श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, श्रीमती प्रमिला अजय साहू रवि शेखर भारद्वाज, संतोष गुप्ता, भुवनेश्वर प्रसाद रात्रे, अनिल बघेल, दिनेश थवाईत, शशि कुमार टांडे,राजेश भारद्वाज, उमेद राम दिनकर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक आर्यन रात्रे, मिंटू राय, पंकज बंजारे, विकास राय, ओंकार टंडन, सुमन कुमार मनहर, तारेश रात्रे, सत कुमार पात्रे, रितेश राय, बृजेश भार्गव ने श्रोताओं को अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

## सिलादेही में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 29 से, दिया जाएगा पुरस्कार

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय भव्य जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसका 29 दिसंबर दिन सोमवार को शुभारंभ किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंथी पार्टी के लिए पुरस्कार राशि समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। जयंती समारोह का समापन 31 दिसंबर दिन बुधवार को होगा।

## लच्छनपुर-देवरी सतगंवा सामाजिक कैलेंडर का किया गया विमोचन



**देवरी-सारागांव।** सूर्यवंशी समाज द्वारा निर्मित बहुप्रतीक्षित लच्छनपुर–देवरी सतगंवा सामाजिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम ग्राम मुक्ताराजा में सामाजिक सौहार्द के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथिसंजय गढ़ेवाल अध्यक्ष सूर्यवंशी समाज एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामकुमार सोनवानी महासचिव सूर्यवंशी समाज की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में एड. लिलेश्वर रत्नाकर पूर्व अध्यक्ष सूर्यवंशी समाज, विजय सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष न.प. बाराद्वार, छविलाल दरैहा अध्यक्ष न.प. सारागांव, एड. जितेंद्र झलरिया , श्री जगजीवन लाठिया, सेधन सूर्यवंशी, लछमण सूर्यवंशी, जी. डी प्रधान, जसपाल दरवेस उपस्थित थे। नील कालेलकर एवं भुवनेश्वर सूर्यवंशी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत कैलेंडर का वीडियो प्रेजेंटेशन उपस्थित जनसमूह के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन सुखदेव प्रधान ने किया। अंत में गेंदराम प्रधान , छोटेलाल खुर्से, बेदराम सूर्यवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम सूर्यवंशी समाज की सामाजिक चेतना, संगठनात्मक एकजुटता और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतीक बनकर उभरा है।

### अनुसूचित जाति प्राधिकरण मंगल भवन में महोत्सव आयोजित

# गुरूघासीदास के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने कार्य कर रही सरकार : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



युवा महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार

गुरूघासीदास के विचारों और संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि बाबा गुरूघासीदास के विचारों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

उक्त बातें जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे ने परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर बुधवार 24 दिसंबर को अनुसूचित जाति प्राधिकरण मंगल भवन, जांजगीर में जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव के दौरान कही। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती जांगड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने सत्य, समानता और मानवता के सिद्धांत दिया है। सांसद ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास ने सर्व समाज को समानता, सद्भाव और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त होने का संदेश दिया। पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की परिकल्पना 'मनखे-मनखे एक समान' समाज में समरसता और भाईचारे का सशक्त संदेश देती है। वहीं पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने भी बाबा गुरु घासीदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए सभी को जयंती की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान आनंद मिरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पंथी नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त धरती के वरदान पंथी पार्टी बलौदा ने किया। कार्यक्रम में विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, संतोषी मनोज रात्रे, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष कामता कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सक्ती कमल पटेल, आनंद मिरी, आशुतोष गोस्वामी, दिनेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, सहायक आयुक्त अक्षय कंवर उपस्थित थे।

# जेठा में खुला एनआरएलएम अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर, संगवारी अधिकार केंद्र

### जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



संगवारी अधिकार केन्द्र का शुभारंभ करते अतिथि।

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित जेंडर समानता हेतु राष्ट्रीय अभियान जेंडर कैंपेन “नई चेतना 4.0” के अंतर्गत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के दिशा निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला सक्ती के विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत जेठा में जेंडर रिसोर्स सेंटर, संगवारी अधिकार केंद्र का उद्घाटन किया गया।

ग्राम पंचायत जेठा में शुभारंभ किए गए जेंडर रिसोर्स सेंटर के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन के द्वारा बताया गया कि हम इस जेंडर असमानता को कैसे दूर या कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन प्रशासन पूरी तरह से तैयार है किंतु फिर भी इस तरह की कोई समस्या या शिकायत आती है तो उसके निपटारे के लिए जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया गया है। जहां जेंडर से होने वाले किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी समस्या का निराकरण परामर्श के माध्यम में किया जाना है। उन्होंने बताया कि जेंडर रिसोर्स सेंटर में एक पूरी टीम होंगी जिसके सदस्य के रूप में जनपद पंचायत सीईओ, पुलिस अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व जेंडर विशेषज्ञ जो जेंडर से संबंधित प्राप्त शिकायत का निपटारा करेंगे। जेंडर असमानता को दूर करने के लिए भारत सरकार पूरी तरह से प्रतिवद्ध है कि हमारे गांव, प्रदेश और देश में जेंडर समानता जल्द ही आए इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग भी कई योजनाओं का संचालन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेंडर असमानता से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे घरेलू हिंसा मुख्य कारण है इसे कैसे कम करे इस बात को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के जेंडर विशेषज्ञ एवं पूरी टीम के द्वारा अपने अनुभव को साझा करते हुए विस्तार से जेंडर समानता के बारे में बताया गया। साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा भी समाज में जेंडर असमानता से संबंधित महत्वपूर्ण विचारों को गंभीरता पूर्वक रखा गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सक्ती के उपाध्यक्ष बंशीधर खांडे, सभापति टंकेश्वर पटेल, विभागीय अधिकारी राजीव श्रीवास, बीपीएम ज्ञानेंद्र राय, महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक भावना नेताम, जेंडर विशेषज्ञ सतीश नेताम एवं सुशीला जोशी, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ शशि गबेल साथ ही महिला समूह की जेंडर सखी, पोषण सखी, समूहों के सदस्य एवं कैडर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जागरूकता शिविर में महिला अधिकारों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




महिलाओं को जानकारी देते अतिथि।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र डोंडकी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार 24 दिसंबर को किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमति गंगा पटेल अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती उपस्थित रही। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश महोदया ने कहा कि कानून की जानकारी के अभाव में कई बार ग्रामीण अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ₹न्याय पाना हर नागरिक का अधिकार है, चाहे वह अमीर हो या गरीब।₹ उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यदि कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है, तो वह 'निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से सरकारी खर्च पर वकील और कानूनी मदद प्राप्त कर सकता है।शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर प्रकाश डाला गया। जिनमें प्रमुख थे महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम और भरण-पोषण से जुड़े कानून। बच्चों की सुरक्षा पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह निषेध, इस शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्याम बाई साहू, उमा साहू , रामेश्वरी केवट, रामबाई साहू, सुनीता केवट, कुसुम गबेल, एवं समूह की महिलाएं, ग्रामीण और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिनका मौके पर ही विधिक मार्गदर्शन दिया गया।

## सुशासन सप्ताह शिविर में सीएमओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह




लोगों की शिकायतें सुनते अफसर।

नगर पंचायत बम्हनीडीह में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया जा रहा है। 19 से 25 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय में अधिकारियों द्वारा आम जनता की शिकायतों और मांग पत्रों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

बुधवार को आयोजित शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राधाचरण तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में आए प्रत्येक नागरिक से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सुशासन सप्ताह का मूल उद्देश्य 'प्रशासन गांव की ओर' है, इसलिए किसी भी हितग्राही को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। हितग्राहियों को मिल रहा सीधा फायदा मिलने से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। शिविर में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड नवीनीकरण, और सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित मामलों को प्राथमिकता दी गई। सीएमओ राधाचरण तिवारी ने स्वयं कई आवेदकों के दस्तावेजों का अवलोकन किया और संबंधित प्रभारियों को फाइलों का त्वरित निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना ही हमारी प्राथमिकता है।

## विधायक ने रामराज को बम्हनीडीह का विधायक प्रतिनिधि किया नियुक्त



**बम्हनीडीह।** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत बम्हनीडीह में विकास कार्यों को गति देने और जनपद स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विधायक बालेश्वर साहू ने पचोरी निवासी रामराज पांडेय को जनपद पंचायत बम्हनीडीह का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि पचोरी निवासी रामराज पांडेय क्षेत्र की जमीनी हकीकत और जनसमस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। जनपद पंचायत स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने, विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बम्हनीडीह अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों की समस्याओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

## भाजपा अटल की जन्म जयंती को जन्म शताब्दी वर्ष के रूप मे मनाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अटल परिसर के सामने खडे भाजपाई।

प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा पुरे देश प्रदेश के कोने कोने मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाएगी। इस वर्ष को भाजपा ने निर्माण वर्ष घोषित किया है भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने अटल की जयंती को जिले मे मनाने के लिए जिले व सभी मंडलो के संयोजक व सदस्यो की टोली बनाई है।

इस दौरान कार्यकर्ताओ ने अपने अपने मंडल के नगर व गांव के अटल परिसर मे अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुरे परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की शाम को पुरे परिसर मे कार्यकर्ताओ ने दीप प्रज्वलित कर पुरे परिसर को दीये सजाकर जगमगाया। कार्यक्रम मे जिला मुख्यालय एवं सभी मंडलो अटल के जीवन पर प्रदर्शनी व संगोष्ठी आयोजित किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमे अलग अलग वक्ता अलग अलग विषयो पर अपनी बात रखेंगे। आज के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जांजगीर नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहु, जिला महामंत्री नंदनी राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी मंडल अध्यक्ष, हितेश यादव, विवेका गोपाल, आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा, सोशल मीडिया सहसंयोजक राकेश रुपवानी, मणिकांत अग्रवाल, देवा गढ़वाल पुष्पेंद्र निर्मलकर चुन्नी राठौर रवि पांडेय अजय कौशिक रामगोपाल चौरसिया सहित अनेक कार्यकर्ताओ की उपस्थिती मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मीडिया ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया समाज का संदेश - राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में चर्चा करते राठौर समाज के पदाधिकारी।

राठौर क्षत्रिय समाज के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मीडिया के साथियों ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक समाज के संदेश को पहुंचाने का जो कार्य किया है, वह अत्यंत ही सराहनीय है।

ये बातें राठौर क्षत्रिय समाज के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सनत राठौर ने कही। बुधवार को जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित दक्षिणेश्वर काली दरबार के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि विगत दिनों संपन्न हुए राठौर क्षत्रिय समाज के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन में सभी का सहयोग सराहनीय रहा है। इस अधिवेशन को लेकर मीडिया ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संदेश पहुंचने का अत्यंत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि समाज को मीडिया से अत्यधिक उम्मीद रहती है क्योंकि, मीडिया सेतु का कार्य करता है। हमारे कार्यकाल के दौरान प्रथम विधायक स्व. रामकृष्ण राठौर के नाम पर चौक, दुर्गादास राठौरके नाम पर चौक, सामाजिक भवन के लिए खोखरा मोड़ में भूमि का आवंटन, पॉलिटेक्निक कॉलेज का स्व. रामकृष्ण राठौर के नाम पर नामकरण हमारी महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। इसी तरह उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी धाम में राष्ट्रीय अधिवेशन का सफल क्रियान्वयन हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। राठौर क्षत्रिय समाज की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 18 जनवरी को कोरबा में उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# कार्यों की विस्तार से की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर तोपनो।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने और ऑनलाइन कटे टोकनों का भौतिक सत्यापन भी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कोचियों-बिचौलियों द्वारा जिले में किसी भी प्रकार से अवैध धान खपाने की कोशिश करने पर सतत निगरानी रखते हुवे त्वरित कार्रवाई करते हुवे इसे रोके तथा धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को पूरी प्राथमिकता से इस कार्य को करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने कई विभागों के इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और ऐसे डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स जो एक्टिव किए जा चुके है और ऐसी योजनाएं जो संचालित नहीं है कि राशि शासकीय कोष में जमा कराने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सघन पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की अद्यतन स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉकवार स्क्रीनिंग कार्य सहित अन्य विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा योजना, पी एम श्री निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, यू डाइस, अपार आईडी, परीक्षा पर चर्चा पंजीयन की स्थिति, विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की स्थिति, बालवाड़ी संचालन के संदर्भ में अद्यतन स्थिति, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालन की स्थिति सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रारंभ करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस का नियमित उपयोग कर फाइलों के शीघ्र निपटान पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।

## जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य पद पर आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

